## एक नजर

### समता स्कूल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**हुसैनाबाद।** रविवार को शहर के जपला छतरपुर रोड के नहर मोड़ के समीप धरहरा जपला स्थित समता स्कूल परिसर में अभिभावक -शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान अभिभावकों ने छात्र हित के लिए सुझाव भी दिए। जिस पर विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य ने सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान व निदान किया। मौके पर उपस्थित अभिभावकों व छात्रों को संबोधित करते हुए विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय चौहान ने कहा कि छात्र-छात्राओं के गुणात्मक विकास में विद्यालय प्रबंधन के साथ-साथ अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि अभिभावक समय-समय पर विद्यालय से संपर्क करें और गृह कार्य की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि अभिभावकों व शिक्षकों के बीच सही सामंजस्य से ही विद्यार्थियों का सकारात्मक विकास संभव है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

### पतरा में आहार का पानी घर में घुसा

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत पतरा कला गांव में आहार का पानी खोलने से गांव में स्थित घर में पानी घुस गया है, जिससे मिट्टी का दीवार गिरने की संभावना घर वाले जता रहे है, घर में रहने वाले सभी लोग दहशत में है की कहीं दीवार न गिर जाए। भुक्तभोगियों द्वारा बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगो द्वारा धान की खेती बचाने के लिए आहर का पानी तीन भव खोल दिया गया है। जिससे घर में घुसने की समस्या उत्पन्न हो गयी है, साथ ही लोगों का यहां रहना दूभर हो गया है, आहार का पानी बंद करवाने के लिए पतरा कला मुखिया से गुहार लगा रहे है, वहीं हुसैनाबाद प्रशासन से आग्रह किया है कि पतरा कला गांव के पास स्थित आहार का भव को बंद कराये, पतरा कला गांव निवासी गुलाम नवी अंसारी, अहमद अंसारी के घर में पानी गुस गया है। इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि ने स्थल पर जाकर समस्या का समाधान करने की बात कही है।

### कई घंटे तक विद्युत आपूर्ति रही बाधित

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश अथवा तेज हवा जब कभी आती है, जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही विद्युत आपूर्ति पर इसका बुरा असर देखने को मिलता है। चालू मौसम में फिर एक बार शुक्रवार की दरम्यानी रात से शनिवार की दोपहर तक ठहर-ठहर कर कई घंटे की झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ। बाजार और व्यावसाय पर भी इसका असर बताया गया। जबकि कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में रसूलपुर के पास बबूल के पेड़ के उखड़कर गिर जाने से एक घंटे से अधिक समय तक आवागमन बंद रहा। बाद में आसपास के ग्रामीणों ने पेड़ को काटकर हटाया। तब कहीं जाकर आवागमन चालू हुआ। वहीं, झरी गांव के पास तारों के पेड़ से उलझने की वजह से 33000 वोल्ट लाइन में फॉल्ट के कारण कई घंटों तक बिजली आपूर्ति बाधित रही।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड दो व तीन में छह माह में भी नहीं भरा गया गड्ढा

# शहरी क्षेत्र में जल जमाव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड-दो और तीन के आईटीआई के समीप में बारिश का पानी जमा होने से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। हुसैनाबाद में रुक-रुककर हो रही लगातार बारिश के कारण नगर पंचायत के वार्ड तीन के आईटीआई के बगल रास्ते में सड़कों पर जल जमाव से सामान्य जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। छह माह में भी उक्त सड़क का गढ्ढा नहीं भरा गया। सबसे दिलचस्प बात तो यह हैं कि अनुमंडल कार्यालय भी बारिश से डूबा हुआ है। जबकि नगरीय कोष से इसका समाधान किया जा



अनुमंडल कार्यालय बारिश से डूबा हुआ।


सकता था, परंतु वह भी नहीं किया गया। जगह-जगह जल जमाव के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही है। जल निकासी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी और बढ़ रही है। जबकि विकास के नाम पर करोड़ों रुपये प्रतिवर्ष खर्च की जा रही हैं। आईटीआई के समीप आरसीसी नाली का निर्माण किये जाने के बाद भी सड़क पर जल-जमाव हो गया है। अभी वर्तमान में आईटीआई के दक्षिण क्षेत्र से घुमकर लोगों का आवाजाही है। परंतु सड़कों पर जल जमाव के कारण उक्त सड़क से आवागमन में लोगों को काफी कठिनाई हो रही है। वहीं उक्त रास्ता वार्ड नंबर दो और तीन के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के गांव विशुनपुर, दरुआ, रामाबांधी और फातमा चक होते हुए जपला पथरा मुख्य सड़क से जोड़ती है। गांव के मुख्य सड़क से शहरी क्षेत्रों में जाने वाली पूरे सड़क पर जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि जपला स्टेशन रोड, अनुमंडल रोड, अनुमंडल से मुनि सिंह चौक सभी सड़कों की स्थिति काफी खराब हो गई हैं। सड़क पर लोगों के सामने जल जमाव एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है । इधर बारिश के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई है। जर्जर सड़क पर जल जमाव के कारण राहगीरों की मुश्किलें भी बढ़ गई है । पानी भरे रहने के कारण गड्ढों व सड़कों का पता नहीं चल पाता है और फिसलकर लोग गिर जाते हैं। वार्ड दो और तीन के लोग आज भी कच्ची सड़क पर चल रहे हैं।

## हैदरनगर में 48 घंटे में मात्र 4 घंटे मिली बिजली

**बिजली सब स्टेशन का चक्कर काट रहे हैं समाजसेवी, व्यवस्था नहीं सुधरी तो उग्र आंदोलन झेलने को तैयार रहे विभाग : सज्जू**

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** विभागीय निर्देश पर लगातार मेंटेनेंस कार्य किए जाने के बावजूद हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र में अनियमित विद्युत आपूर्ति का दंश उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है। इसे स्थायी समाधान कराने के प्रति विभागीय अभियंता को विफलता ही मिल रही है। सबसे बड़ी विडंबना तो यह है कि अब तक शहरी क्षेत्र का फीडर स्वतंत्र नहीं किए जाने से किसी भी अन्य फीडर और गांवों में मामूली तकनीकी खराबी और फॉल्ट आने पर पूरी रात और दिन में भी बिजली की आपूर्ति बाधित कर दी जाती है। इससे स्थायी उपभोक्ता को काफी परेशानी उठाना पड़ रहा है। इस समस्या से गत एक सप्ताह में शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पर सप्ताह में 40 घंटा भी बिजली नहीं मिली।



बिजली स्टेशन पहुंचे हैदरनगर के उपभोक्ता।

जबकि पलामू जिला के हैदरनगर स्थित चौकड़ी विद्युत सब स्टेशन स्थापित है। दो दिनों में मात्र चार घंटे बिजली की आपूर्ति की गई है। 21 अगस्त की देर शाम से पूरी रात बिजली गुल रही। 22 अगस्त को दिन में महज दो घंटे बिजली की आपूर्ति की गई। वहीं 22 अगस्त को रात्रि 11 बजे से मात्रा दो घंटे बिजली की आपूर्ति हुई। बिजली की बदतर स्थिति से इस प्रखंड की लाखों से उपर की आबादी पूरी तरह प्रभावित है। परेशान कई समाजसेवियों में सज्जू खान, अशरफ हसन, राजू खान, डॉ. अजय जयसवाल, उप मुखिया पवन कुमार, मिस्टर खान आदि को स्थानीय सब स्टेशन का चक्कर भी लगाना पड़ा। उपभोक्ताओं ने बिजली को लेकर चौकड़ी स्थित विद्युत सब स्टेशन में संपर्क किया। यहां उपस्थित कर्मचारी का कहना है कि ब्रेक डाउन है। जब तक लाइन मैन फॉल्ट ठीक नहीं करेंगे। तब तक बिजली चालू नहीं किया जायेगा। उपभोक्ता सेराज अहमद, गुलाम खान, फैयाज खान ने बताया कि हैदरनगर क्षेत्र में जब से नए लाइन मैन की नियुक्ति किए जाने के बाद से बिजली की स्थिति चरमरा गई है। उन्होंने बताया कि अभियंताओं की लापरवाही और लाइनमैन के मनमाने रवैया से लोग परेशान हैं।

## परता मुख्य पथ भारी बारिश से बहा दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित



बारिश के कारण संपर्क पथ टूटा।

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड के हैदरनगर भाई बिगहा से परता, कबरा कला पक्की मुख्य सड़क मार्ग में परता में नाला के पास बह गया। मुख्य पथ में भारी कटाव होने से परता, कबरा कला, राजौंधा, रानीदेवा, अधौरा आदि दर्जनों गांव सहित टोलों तक समीपवर्ती मार्ग बाधित होने से लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। इस पंचायत के वरीय पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय व मुखिया कमल कुमार पासवान ने बताया कि परता में मलवारिया खेत के पास संपर्क पथ अधिक बारिश से टूट बह गया है। जिससे परता पंचायत के अलावा इस मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों का आवागमन बाधित हो गया है। उन्होंने कहा कि इस पुरानी पथ के बगल में भजनीया से हैदरनगर मुख्य पथ का नवनिर्माण भी कराया जा रहा है। किंतु तटस्थ वैकल्पिक तौर पर डायवर्सन का निर्माण नहीं कराया जा सका है। इसे लेकर ग्रामीणों सहित जिला प्रशासन को कई बार आवेदन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। वर्तमान परेशानी और वस्तुस्थिति से उन्होंने इस निर्माण कार्य में लगे संवेदक दूबे कंस्ट्रक्शन को भी जानकारी दिए जाने पर संपर्क पथ की यथाशीघ्र जोड़ने का आश्वासन दिया है।

## मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ पर चलना हुआ मुश्किल



**अधूरा रह गया है काम, माहुर घाटी में कई जगह क्षतिग्रस्त**

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** आजादी के बाद करीब एक दशक से पीएमजीएसवाई से बनी मोहम्मदगंज-महुडंड मुख्य पथ से पठारी गांवों के विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है। लेकिन तब भी इस पर आवागमन करना जोखिम भरा बना रह गया है। इसमें खड़ी कई बाधाओं के कारण विकास के द्वार अब भी बताया जाता है। इसकी आधारशिला वर्तमान सांसद वीडी राम ने प्रथम कार्यकाल में रखी थी। राजनडीह गांव में रेलवे लाइन के पार से इस सड़क का आरंभ हुआ है। कादलकुर्मी-जपला मुख्य पथ में बस्ती चौक से वाया पदारथडीह रेल लाइन को पार कर राजनडीह में इस सड़क मार्ग तक पहुंचना आसान नहीं बन सका है। क्योंकि आवागमन को आसान बनाने को लेकर आरयूबी की मांग पूरी नहीं की गई। ऐसे में थर्ड लाइन के विस्तारीकरण के बाद से रेल लाइन आरपार करना और भी जोखिम भरा बन गया है। वैकल्पिक रास्ता काशीसोत पुल के नीचे से है। जो पठारी गांवों तक पहुंचने में कठिन डगर साबित होता है। वहीं, इस 22 किमी लंबी मुख्य पथ के निर्माण में राजनडीह के बाद झरिवा मोड़ से नदीपर मोड़ तक करीब 2 किमी का काम पूरा ही नहीं किया गया है। जबकि माहुर घाटी में कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई बताई जाती है। जहां दो किमी में काम को पूरा किए वगैर इस मुख्य पथ को हैंड ओवर भी कर दिया गया था। कई जगहों पर उबड़खाबड़ हो इस सड़क की मरम्मत व रखरखाव की अवधि के बाद भी इसकी अनदेखी करने की बात ग्रामीणों ने कही है। इस सड़क को दुसरी तरफ से प्रखंड मुख्यालय और कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ को जोड़ने वाली राजनडीह-रामनगर कच्ची सड़क की पुलिया के लगातार बारिश से बह जाने से वैकल्पिक मार्ग भी बंद हो गया है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने युवा एक्टिविस्ट से की सीधी बात

**हैदरनगर।** पलामू जिले के सरकारी अस्पतालों में मरीजों से अवैध वसूली और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के मामले में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने युवा एक्टिविस्ट अंकू सिंह राणा से रविवार को सीधी वार्ता की है। वार्ता के दौरान अंकू ने मंत्री की बताया कि गत 19 अगस्त को हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित सरकारी अस्पताल में एक लैब टेक्नीशियन ने गरीब मरीज से जांच शुल्क के नाम पर 800 रुपए की वसूली की। जबकि 22 अगस्त को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में प्रसव के बाद नवजात शिशु की देखभाल के लिए अस्पताल प्रबंधन की मिलीभगत से एएनएम और दाई ने परिजनों से 5000 की मांग की। 2500 रुपए देने के बाद भी देखभाल नहीं करने और दुर्व्यवहार किए जाने से मरीज और परिजन को बिहार के डेहरी ऑन सोन जाना पड़ा। परिजनों का आरोप है कि पैसे न देने पर शिशु का सलाईन हटाने से बच्चा को गंभीर हालत में निजी अस्पताल रेफर करना पड़ा। उन्होंने मंत्री को बताया कि इस संबध में तत्काल 19 अगस्त को ही पलामू के उपायुक्त को जानकारी दी। जिस पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश जारी किया कि सरकारी अस्पतालों में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए। इसके बावजूद मात्र तीन दिन बाद हुसैनाबाद में गंभीर लापरवाही का मामला उजागर होना स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है।

## भीमचूल्हा में हरितालिका तीज पर व्रतधारी करेंगी पूजा

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक महत्व के पर्यटक स्थल भीमचूल्हा में हरितालिका तीज पर भी कथा श्रवण को लेकर व्रतधारी सुहागिनों का जमावड़ा लगता है। पूजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी ने बताया कि सुहागिन महिलाएं इस वर्ष 26 अगस्त को अखंड सौभाग्य की कामना के लिए हरितालिका तीज का व्रत रखेंगी। मान्य कथा श्रवण के लिए व्रतधारी महिलाओं का बड़ा समूह इस पवित्र-पावन स्थल पर भी पहुंचेंगी। इसका सिलसिला इस स्थल को पर्यटकीय दृष्टिकोण से विकसित किए जाने के बाद से शुरू हुआ है। उन्होंने बताया कि इस पर्व को भाद्रपद के शुक्ल पक्ष में तृतीया तिथि को हस्त नक्षत्र में मनाया जाता है। इस दिन सुहागिनें सौभाग्य को अखंड व सुखी दांपत्य जीवन को बनाए रखने की कामना को लेकर शिव-पार्वती की उपासना करती हैं। इस बार की तीज पर कई शुभ संयोग



भीमचूल्हा स्थित मंदिर।

बन रहा है। ऐसे शुभ संयोग में व्रत व पूजन से पति की दीर्घायु के साथ ही सभी मनोकामनाओं की पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सुख-समृद्धि और निरोगी काया बनी रहेगी। इस पर्व के धार्मिक और पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए वगैर अन्न-जल ग्रहण किए वन में वर्षों तपस्या की थी। तब इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें पत्नी के रूप में अपनाया था। इसके लिए माता पार्वती ने हिमालय पर्वत पर इसी मास में उक्त तिथि और नक्षत्र में बालू की शिवलिंग स्थापित कर उसकी पूजा और रात्रि जागरण किया था। इससे प्रसन्न होकर भगवान शिव साक्षात प्रकट हुए और माता पार्वती की इच्छानुसार उन्हें अर्धांगिनी के रूप में अपना लिया था। इसी मान्यतानुसार पर्व को मान्य धार्मिक अनुष्ठान के अनुरूप उक्त मास, तिथि और नक्षत्र में सुहागिनें मनाती हैं।

## न्यूज बॉक्स

### प्रमुख प्रतिनिधि ने किया साड़ी-धोती का वितरण



**ऊंटारी रोड़।** प्रखंड अंतर्गत मुरमाकला पंचायत के मुरमाकला में सोना सोबरन योजना के तहत जन वितरण प्रणाली की दुकानदार मुंद्रिका राम के दुकान पर साड़ी, धोती, लुंगी का वितरण ऊंटारी रोड़ प्रमुख प्रतिनिधि अरुण कुमार वर्मा की उपस्थिति में किया गया। वहीं अरुण वर्मा ने कहा कि सोना सोबरन योजना गरीबों के लिए सरकार का उपहार है। सरकार अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत गरीबों को राशन उपलब्ध कराने के साथ-साथ अनुदानित दर पर धोती, साड़ी व लूंगी योजना के तहत वस्त्र उपलब्ध करा रही है। जिसका लाभ कार्डधारियों को मिल रहा है। मात्र 10-10 रुपए में धोती, साड़ी व लूंगी प्रदान किया जा रहा है। मौके पर मनोज राम, शंकर सिंह, सौरभ सिंह, मुकेश पासवान सहित कई कार्डधारी मौजूद थे।

### दुर्गा पूजा समिति का गठन, अनुज बने अध्यक्ष



**पांकी।** प्रखंड के मंगलपुर गांव में शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर दुगार्बाड़ी के प्रांगण में रविवार की दोपहर ग्रामीणों की विशेष बैठक सम्पन्न हुई। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर नई पूजा समिति का गठन भी किया गया। जिसमें सर्वसमिति से अनुज प्रसाद को दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि ईश्वरी प्रसाद को सचिव एवं विष्णु प्रसाद को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी तरह अरविंद पासवान को उपाध्यक्ष, सुनेश्वर राम को उप सचिव एवं अनोज पासवान को उप कोषाध्यक्ष चुना गया है। इसके अलावा वीरेंद्र श्रीवास्तव को महामंत्री एवं विजय ठाकुर को उप महामंत्री मनोनीत करने के साथ 21 युवाओं को सदस्य भी मनोनीत किया गया है। पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम मंगलपुर में धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। भव्य पूजा पंडाल का निर्माण, आकर्षक सजावट एवं भक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से दुर्गा पूजा में बढ़चढ़ कर सहयोग करने का आग्रह किया है। बैठक में सुरेश प्रसाद, रविंद्र साव, मंटू श्रीवास्तव, राजन कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, हिमांशु कुमार, गौरव कुमार के अलावे दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अनुज जायसवाल ने किया सांसद को सम्मानित



**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर मेदिनीनगर से चतरा जाते समय शनिवार को जुरू पंचायत के कार्यकर्ता अनुज जायसवाल के आवास पर रुके और चाय पर चर्चा की। इस दौरान जुरू पंचायत के मुखिया कृष्णा पासवान, सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, ओमप्रकाश दुबे, राजू जयसवाल, अनुज गुप्ता एवं अजय तिवारी उपस्थित रहे। वहीं मुलाकात के दौरान अनुज ने सांसद का स्वागत किया और पंचायत की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। अनुज जायसवाल ने सांसद से आग्रह किया कि जुरू पंचायत में एक उप स्वास्थ्य केंद्र खोला जाए, ताकि ग्रामीणों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं अपने गांव में ही उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के अभाव में ग्रामीणों को छोटी-सी बीमारी के इलाज के लिए भी दूर जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने स्थानीय कार्यकताओं की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि जुरू पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने के प्रस्ताव पर उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता उनकी प्राथमिकता है।

### तार टूटने से 6 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद शहर के कई इलाकों में इन दिनों बिजली संकट गहराया हुआ है। खासकर मोहल्ला, जहां जर्जर बिजली तारों के कारण लोगों को लगातार बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। रविवार की सुबह फॉल्ट व बारिश ने पहले से बदहाल बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से चौपट कर दिया हैं। जपला से देवरी बिजली सब स्टेशन के महुरांव के समीप 11,000 वोल्ट का मुख्य विद्युत तार टूटकर गिर गया। इसके साथ ही हुसैनाबाद में छह घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रही। बारिश रूकने के बाद तार को दुरुस्त किया गया। इसके चलते पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई । समस्या की गंभीरता को देखते हुए हुसैनाबाद वासियों ने जर्जर तारों को बदलने और आपातकालीन स्थिति में भी विद्युत कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने की मांग की है। ताकि बिजली व्यवस्था में सुधार किया जा सकें।

## अलर्ट | कोयल नदी का जलप्रवाह 1.12 लाख क्यूसेक दर्ज

# जलस्तर बढ़ने के बाद भीमबराज के 26 गेट खोले गए

**मुख्य नहर का जलप्रवाह अब भी बंद**

नवीन मेल संवादाता

**मोहम्मदगंज।** भारी बारिश के कारण एक बार फिर भीमबराज का जलस्तर बढ गया। इसे देखते हुए फिलहाल, 26 गेट खोल दिए गए हैं। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि शनिवार को मेदिनीनगर से दोपहर में कोयल नदी का 2.2 मीटर जलस्तर होने की सूचना प्राप्त हुई थी। इससे देर रात तक भीमबराज में एक लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना थी। रविवार को कोयल नदी का जलप्रवाह 1.12



भीमबराज।

लाख क्यूसेक दर्ज हुआ है। इसे देखते हुए स्थिति को अलर्ट मोड में रखा गया हैं। जबकि मुख्य नहर का जलप्रवाह शून्य कर दिया गया है। जिससे उसे बाढ और गाद के खतरे से सुरक्षित रखा जा सका है। बरसात के चालू मौसम में तीसरी बार कोयल नदी का जलप्रवाह एक लाख क्यूसेक से अधिक दर्ज हुआ है। इससे पहले 19 जून को 2.14 लाख क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज हुआ था। तब 40 में 38 गेट खोल दिए गए थे। बताया गया कि कई साल बाद मध्य जून इतना अधिक जलप्रवाह दर्ज हुआ था। फिर 16 जुलाई को 2.7 लाख क्यूसेक जलप्रवाह दर्ज हुआ था। तब भी इतने ही गेट खोल दिए गए थे। जबकि बीते साल 3 अगस्त को नदी का जलप्रवाह बढा था। जो 1.24 लाख क्यूसेक दर्ज हुआ था। तब इतने ही गेट खोल दिए गए थे। पूरी स्थिति पर नजर रखी जा रही। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी भी स्थिति से निबटने के लिए सहायक अभियंता सुलेंद्र कुमार, जेई सौरभ पटेल, निर्भय कुमार सिंह और शुभम राज सहित अन्य सिंचाई कर्मी अलर्ट हैं।

## जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा अबुआ आवास योजना का लाभ

नवीन मेल संवाददाता

**उंटारी रोड।** झारखंड में अबुआ राज की परिकल्पना को साकार करने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा धरातल पर अबुआ आवास योजना की शुरूआत की गई है। अबुआ आवास योजना के तहत गरीब व जरूरतमंद परिवारों को तीन कमरों का घर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं उंटारी रोड प्रखंड का पंचायत जहां जिम्मेवार लोगों की मिलीभगत से सुविधा संपन्न लोगों को प्रधान मंत्री व अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया। वहीं जरुरतमंद सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास के लिए इंतजार करते रह गए। पंचायत के जिम्मेवार लोगों के द्वारा ग्रामसभा के माध्यम तैयार सूची को प्रखंड भेजा गया है। मुरमा कला पंचायत निवासी विंदू पाठक का खपरैल व जर्जर मिट्टी का घर है। जो बरसात के पानी



में क्षतिग्रस्त होकर गिर गया, परिवार के सदस्यों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विंदू पाठक के द्वारा अबुआ आवास योजना को ले आवेदन किया गया था। फिर भी सूची में नाम शामिल नहीं किया गया। प्रखंड कार्यालय के द्वारा पंचायत से ग्राम सभा कर जरूरतमंदों की सूची की मांग की गई थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रखंड में विंदू पाठक अकेला व्यक्ति नहीं ऐसे कई नाम हैं जो आवास के लिए भटक रहे। करकट्टा पंचायत के हसबुन खातून का कच्चा खपरैल है जो क्षतिग्रस्त हो गया है। परिवार झोपड़ी में रहने को विवश है। प्रखंड के सभी पंचायत क्षेत्र के गांवों में ऐसे कई नाम सुनने और देखने को मिलेंगे। जिन्हें आवास से वंचित किया गया है। उंटारी रोड प्रखंड के लुंबा सतबहिनी, लहर बंजारी , जोगा, करकट्टा, मुरमा कला व मुरमा खुर्द आदि पंचायतों में गरीब व जरूरतमंदों को अबुआ आवास का लाभ जरुरतमंदो को नहीं मिल रहा है।

# न्यूज बॉक्स

## सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति घायल

**चंदवा।** रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी पेट्रोल पंप के पास रविवार सुबह एक यात्री बस और बाइक की टक्कर हो गई। घटना में चकला मोड़ निवासी अशोक एक्का और उनकी पत्नी मार्शा सुरीन घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को चंदवा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद पत्नी मार्शा को गंभीर चोट होने के कारण रिम्स रेफर किया गया। चंदवा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा पुण्यस्मृति दिवस मनाया गया



**बारियातू।** प्रखंड के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक स्थित ईश्वरीय पारसाला (शाखा) में राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी का 18वां पुण्यस्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में लातेहार सेवा केंद्र की संचालिका बीके अमरमणि बहन, गुड़िया बहन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंदेश भाई और बृजमोहन भाई मुख्य अतिथि रहे। सभी ने दादी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बीके अमरमणि बहन ने दादी जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने तन-मन-धन से संस्था को आगे बढ़ाने और देश-विदेश तक ईश्वरीय संदेश पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि बृजमोहन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान लोगों को जीवन जीने की कला सिखा रहा है और आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में अमरेंद्र प्रसाद, ओमप्रकाश प्रसाद, श्रवण ठाकुर, शिवप्रसाद, निशा कुमारी और प्रीति कुमारी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

## शितमोहन मुंडा बने रक्सी-जमीरा दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष



**चंदवा।** रक्सी सामुदायिक भवन में रविवार को स्थानीय ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें आगामी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में पिछले वर्ष का आय-व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया और इस बार पूजा आयोजन के लिए समिति का पुनर्गठन किया गया। नवगठित समिति में शितमोहन मुंडा को पुनः अध्यक्ष, ब्रह्मदेव प्रजापति को कार्यकारी अध्यक्ष, मणिलाल यादव को सचिव और चंद्रकिशोर गिरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा उपाध्यक्ष, उपसचिव, मीडिया प्रभारी और संरक्षकों का भी चयन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एनटीपीसी व एनएलसी कंपनी के खिलाफ ग्राम सभा का आयोजन



**बालूमाथ (लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र के गेरेंजा गांव में रविवार को ग्राम प्रधान परमेश्वर गंझू की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी कीमत पर एनटीपीसी और एनएलसी कंपनी को भूमि अधिग्रहण नहीं करने दिया जाएगा। ग्राम सभा में यह भी आरोप लगाया गया कि कंपनियां बिना अनुमति गांव में प्रवेश कर भोली-भाली जनता को रोजगार का प्रलोभन देती हैं। गेरेंजा, भैसादोंना, चितरपुर, धाधु, पुरणापानी, नावाडीह, हेमपुर, सेमरसोत, खरटिया, बिसनपुर समेत कई गांवों के ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से उपायुक्त को आवेदन देने की सहमति बनाई। सभा में शंकर उरांव, नंदकुमार यादव, रामलाल उरांव, लखन उरांव समेत सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद रहे।

## शौंडिक जायसवाल समाज ने दी श्रद्धांजलि

**चंदवा।** ग्रीन फील्ड एकेडमी परिसर में रविवार को शौंडिक जायसवाल समाज की ओर से श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इसमें स्व. डोमन प्रसाद साहू, प्रसिद्ध व्यापारी किरण साहू, पूर्व सचिव बृजमोहन भगत और निरंजन लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी को श्रद्धांजलि दी गई। सभा में समाज के लोगों ने उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि इनका निधन समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है। मौके पर बड़ी संख्या में समाज के सदस्य मौजूद रहे।

## लातेहार प्रेस क्लब का गठन, विकास तिवारी अध्यक्ष, राजीव मिश्रा महासचिव, सर्वसम्मति से बनी नई कार्यकारिणी



**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित होटल द ब्लिस में रविवार को पत्रकारों की महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें लातेहार प्रेस क्लब का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार संजीव कुमार गिरी ने की। नई कार्यकारिणी में विकास तिवारी अध्यक्ष, राजीव मिश्रा महासचिव, पंकज प्रसाद गुप्ता और मनीष सिन्हा उपाध्यक्ष, मनोज मेहता कोषाध्यक्ष, नीरज सिन्हा अंकेक्षक और निहित कुमार मीडिया प्रभारी बनाए गए। साथ ही वरिष्ठ पत्रकार मनीष उपाध्याय, उत्कर्ष पांडेय, सजीत गुप्ता, संजीव कुमार गिरी और जावेद अख्तर को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सभी प्रखंडों से आए पत्रकारों को सदस्यता प्रभारी भी बनाया गया। निर्णय लिया गया कि सबसे पहले सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जिले के सभी प्रखंडों के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रधानमंत्री का किया पुतला दहन

**लातेहार।** केंद्र सरकार के खिलाफ झामुमो जिला कमेटी ने समाहरणालय गेट पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम और जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ साहदेव ने किया। जिला अध्यक्ष शाहदेव ने कहा कि 130वां संवैधानिक संशोधन देश के लोकतंत्र को कमजोर करने वाला है। यह संशोधन नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन है और राजनीति में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को सीमित करता है। इस दौरान झामुमो के कई केंद्रीय और जिला पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें अरुण कुमार दुबे, बुद्धेश्वर उरांव, सुशील कुमार यादव, ममता सिंह, मनोज यादव, रीना देवी, पूजा कुमारी, इनायत करीम समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

### भ्रष्टाचार की पोल खोल रही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क

# नैनो टेक्नोलॉजी का कहर झेल रहे ग्रामीण, जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मयूरहंड (चतरा)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी सड़कें भ्रष्टाचार और लापरवाही की भेंट चढ़ रही हैं। जिले में जीरो टॉलरेंस की सरकारी घोषणा को ठेंगा दिखाते हुए विभागीय अधिकारियों और संवेदक की मिलीभगत से घटिया सड़क निर्माण हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2019-20 में आरईओ रोड से दिग्ही देवी मंडप तक 1.1 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क लगभग 35 लाख रुपये की लागत से नैनो टेक्नोलॉजी के माध्यम से बनाई गई थी। लेकिन पहली ही बरसात में सड़क का लगभग 200 मीटर हिस्सा बह गया और तीन फीट गड्ढे बन गए।

ग्रामीणों ने कई बार विभाग को लिखित आवेदन देकर मरम्मत की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। संवेदक के साथ हुए अनुबंध के अनुसार पांच साल तक सड़क का रख-रखाव होना चाहिए, मगर पांच साल बीतने के बाद भी स्थिति जस की तस है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दिनों में उन्हें चार माह तक अपने वाहन दूसरे गांवों में खड़े करने पड़ते हैं और पैदल घर आना-जाना पड़ता है। उन्होंने सांसद और विधायक की संवेदनहीनता पर नाराजगी जताई और कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त सिस्टम पर लगाम लगाने की जरूरत है।

## लातेहार के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस वर्ष भी धूमधाम से मनेगी दुर्गा पूजा



- पूजा की तैयारियों को लेकर बैठक, आकर्षक प्रतिमा और विद्युत सज्जा होगी विशेष आकर्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** शहर के प्रतिष्ठित श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर में इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम से मनायी जाएगी। शनिवार की संध्या मंदिर परिसर में हुई आम बैठक की अध्यक्षता संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में आकर्षक प्रतिमा निर्माण, विद्युत सज्जा, अष्टमी व नवमी को महाभोग वितरण तथा नवरात्र की प्रत्येक तिथि को प्रसाद वितरण का निर्णय लिया गया।

ध्वनि व्यवस्था का जिम्मा राज साउंड को और विद्युत सज्जा की जिम्मेदारी बजरंग टेंट हाउस को दी गई। चंदा संग्रहण के लिए ओम प्रकाश प्रसाद (राजू) को प्रमुख बनाया गया।

बैठक में संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, सचिव आशीष टैगोर, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद थे। सचिव टैगोर ने बताया कि मंदिर विकास निधि के लिए सदस्यता अभियान तेज किया जाएगा और इस वर्ष 100 नए सदस्य जोड़े जाएंगे।

# कांग्रेस संगठन सृजन अभियान : तरवाडीह व परसही पंचायत कमिटी का गठन

- रमेश सिंह और अरुण यादव बने अध्यक्ष, कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का आह्वान

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** कांग्रेस के संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत रविवार को तरवाडीह और परसही पंचायत में पंचायत स्तरीय कांग्रेस कमिटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रमेश सिंह और अरुण यादव को पंचायत अध्यक्ष चुना गया। साथ ही 12 सदस्यीय कमेटी भी बनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लातेहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मोती उरांव ने की। मौके पर जिला कार्यकारी अध्यक्ष गूंजेर उरांव ने कहा कि कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है।

प्रखंड पर्यवेक्षक इफ्तेखार अहमद ने कहा कि कांग्रेस गांव और टोले तक मजबूत होगी तो पार्टी को शक्ति मिलेगी। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने कहा कि "ग्राम पंचायत कांग्रेस कमिटी मजबूत होगी तो कांग्रेस मजबूत होगी और देश भी मजबूत होगा।

मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिता देवी, युवा कांग्रेस नेता आफताब आलम, मुखिया रामदयाल उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्षों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

### बच्चों की पढ़ाई व अनुशासन से प्रभावित हुईं जिप सदस्य

# बरवाडीह के प्राथमिक विद्यालय में औचक निरीक्षण मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की हुई जांच

नवीन मेल संवाददाता



**बेतला (लातेहार)।** शनिवार को गढ़वाटाड़ क्षेत्र के प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय में एक खास नजारा देखने को मिला। पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर अचानक स्कूल पहुंचीं और बच्चों से पढ़ाई, अनुशासन और कला के बारे में जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रों से सवाल पूछे, जिनका जवाब बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ दिया। बच्चों की लिखावट, भाषा शैली और चित्रकला देखकर वे काफी प्रभावित हुईं और शिक्षकों की मेहनत की भी तारीफ की।

संतोषी शेखर ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में अनुशासन और समर्पण देखना सुखद अनुभव है। यह विद्यालय अपने शिक्षकों और विद्यार्थियों की मेहनत से मिसाल कायम कर रहा है।

निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था देखी और खुद भी बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। भोजन की गुणवत्ता की उन्होंने सराहना की और कहा कि पौष्टिक भोजन बच्चों के विकास में सहायक है।

हालांकि, जिप सदस्य ने विद्यालय की समस्याओं पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कमरों की कमी और जर्जर भवन की स्थिति पर विभाग को जानकारी दी जाएगी और जल्द समाधान का प्रयास होगा। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक राकेश कुमार, अमित कुमार, आलोक सिन्हा समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

## गारू के मारोमार में मल्टीपर्पस केंद्र को विधायक रामचंद्र सिंह नारियल फोड़कर किया शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** गारू प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल गांव मारोमार में रविवार को मल्टीपर्पस केंद्र का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह, गारू के प्रखंड प्रमुख सीता देवी और ग्राम प्रधान कल्याण बृजिया ने नारियल फोड़कर संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि आदिम जनजातियों के विकास के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मारोमार गांव में बनने वाला यह केंद्र कई मायनों में उपयोगी साबित होगा। इसमें आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, विवाह हॉल समेत अन्य कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र बनने से ग्रामीणों को अब छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सकेगी। विधायक ने कहा कि आदिम जनजाति परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कार्यक्रमों में अब आसानी से सहयोग मिलेगा। साथ ही यह केंद्र ग्रामीणों के लिए सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख स्थल बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि झारखण्ड सरकार उनकी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मनोज यादव, उप प्रमुख रामदास यादव, उमेश प्रसाद, ओम प्रकाश कुमार, निजामुद्दीन, मंजर कसीम आलम, अमृतेश्वर सिंह, धनेश्वर यादव, अखिलेश यादव, अशोक राम,पवन कुमार और सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम संपन्न



- मंगरा, खुरा छेचा पंचायतों में हुआ आयोजन, पंचायत अध्यक्षों का हुआ चयन

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के मंगरा, खुरा और छेचा पंचायतों में शनिवार को कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित हुआ। सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों की भारी भीड़ रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव विजय बहादुर सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने और जनता की आवाज उठाने के लिए हमेशा संघर्षरत हैं। इस दौरान पंचायत अध्यक्षों का चयन हुआ- खुरा से अनंत कुमार साव, मंगरा से सकेंद्र सिंह और छेचा से शिबल राम को अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि कांग्रेस भाजपा की दमनकारी नीतियों का मुकाबला कर रही है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य कांग्रेस को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। कार्यक्रम का समापन एकता और जनसेवा की शपथ के साथ हुआ। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी इस आयोजन की खासियत रही।

## अमरवाडीह व आसपास के गांवों से गाय-बैल चोरी, पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

**बारियातू।** थाना क्षेत्र में इन दिनों मवेशी चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले एक वर्ष से अज्ञात चोर गाय और बैल चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। हाल ही में अमरवाडीह पंचायत के रहैया गांव निवासी बिनोद भुइंया के घर के बाहर बंधे बैल को चोर ले गए। वहीं शिबला पंचायत के राजगुरु और गोनिया पंचायत के पचफेड़ा गांव से तीन ग्रामीणों के तीन मवेशी चोरी हो गए। इनमें सकेंद्र राम का बैल, विरेंद्र साव की दुधारू गाय और जयराम उरांव का बैल शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार मवेशी चोरी की घटनाएं हुईं, लेकिन पुलिस को सूचना नहीं दी गई। अब लगातार घटनाओं से वे परेशान हैं और प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। थाना प्रभारी रंजन पासवान ने बताया कि चोरी की सूचना मिली है और पुलिस जांच में जुट गई है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि रात्रि में किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके।

# योग व आसनों का हमारे जीवन में विशेष महत्व : पूनम देवी

नवीन मेल संवाददाता

- छठी जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन, 300 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**लातेहार।** जिला योगासन खेल संघ के तत्वावधान में छठवीं जिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन 24 अगस्त को बाजकुम स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, विद्यालय के प्राचार्य आर. पासवान, संघ के संरक्षक बलिराम सिंह और जिला संघ अध्यक्ष अधिवक्ता संजय कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस अवसर पर रांची जिला योगासन खेल संघ सचिव डॉ. एके घोषाल, संयुक्त सचिव आर्य प्रहलाद भगत, तकनीक सचिव चैताली मुखर्जी और कोषाध्यक्ष सुषमा तिग्गा भी उपस्थित रहीं।

जिप अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में विशेष स्थान है। योग और आसन न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं बल्कि असाध्य रोगों को भी दूर करने में सहायक हैं। प्राचीन काल से ही योग जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। बच्चों और युवाओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

प्रतियोगिता में करीब 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें जवाहर नवोदय विद्यालय, नेतरहाट विद्यालय, निर्मल सिंह मेमोरियल स्कूल बारियातु और चंदवा गुरुकुल के विद्यार्थी शामिल थे। प्रतियोगिता सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर वर्ग में विभक्त रही। निर्णायक की भूमिका में रीतिका कुमारी, सरिता कुमारी और सुदर्शन कुमार रहे। आयोजन को सफल बनाने में संघ के सचिव प्रशांत कुमार सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### स्व. फूलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

## मुख्यअतिथि प्रतुल शाहदेव बोले- उरांव जी का योगदान रहेगा अविस्मरणीय



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** जमीरा पंचायत के रोल खेल मैदान में रविवार को स्व. फूलदेव उरांव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने किया। उद्घाटन मैच वाईबीएन पतरातू और लकड़ा ब्रदर्स के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही हैं।

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि स्व. फूलदेव उरांव ने फुटबॉल खेल के क्षेत्र में जिले का नाम रौशन किया और उनके योगदान को ऐसे आयोजनों से हमेशा याद रखा जाएगा। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# बरसात शुरू होते ही लोहरदगा नगर परिषद के खुलने लगे पोल : अनिल उरांव

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने बयान जारी कर कहा कि झारखंड में कांग्रेस,जेएमएम की लगभग 6 वर्षों से सरकार चल रही है, लेकिन विकास का कोई काम नज़र नहीं आ रहा है। लोहरदगा नगर परिषद में भी पूरे पांच वर्ष कांग्रेस के ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष रहे और उनके द्वारा भी जो काम किया गया वो भी साफ साफ दिखाई दे रहा है। शहर में चारों तरफ पानी भर गया है जो शहर के लोगों के मकानो और दुकानो में घुस रहा है। पानी के निकासी के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के कार्यकाल में कोई व्यवस्था नहीं किया गया। चारों तरफ जहां तहां पानी जमा होने के कारण मच्छरों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है। जिसको दूर करने के लिए फोगिंग की भी उचित व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। शहर के चारों तरफ गली मुहल्ले में कचरा उठाने वाला कोई नहीं है केवल मेन रोड से ही कचरा उठाव हो रहा है। पिछले कई सालों से शहर में चारों तरफ गली मुहल्ले में अंधेरा छाया हुआ है जिसके लिए भेपर लाइट की कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। लोहरदगा शहर के लोग नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूत हैं। लोहरदगा में कांग्रेस का विधायक, सांसद होने के साथ साथ कांग्रेस सरकार में भी है उसके बावजूद ये लोग यहां के लोगों को उनके बुरे हाल में मरने के लिए छोड़ दिए है।

## लोहरदगा में लव कुश जयंती समारोह का भव्य आयोजन

# लव कुश समाज राजनीतिक भागीदारी के लिए आगे आए : सुदेश महतो

● **राज्य में लव कुश समाज समेत एक बड़े वर्ग को वर्तमान सरकार अपेक्षित करके रखा है**

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** स्थानीय नगर भवन में लव कुश महासभा लोहरदगा के द्वारा लव कुश जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सूबे के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, डॉ देवशरण भगत, समाज के जिलाध्यक्ष शैलेश कुमार, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय कुमार महतो, राजेश महतो, पंकज महतो, ललित महतो, विकास कुमार, संगीता देवी, कमलेश कुमार आदि ने लव कुश के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत किया। इस दौरान शिक्षा, कला, उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। लव कुश समाज के मेधावी और प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। मौक़े पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति किया गया। समाज के प्रतिभावान बालक बालिकाओं ने परंपरागत धार्मिक संगीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम सुदेश महतो ने समाज के लोगो को आर्थिक सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टिकोण से सशक्त होने के लिए ऊर्जा का संचार किया ।

कहा, राज्य में लव कुश समाज समेत एक बड़े वर्ग को वर्तमान सरकार अपेक्षित करके रखा है। समय आ गया है सामाजिक न्याय वाले सभी समाज राजनीतिक भागीदारी के लिए चिंतन करें। उपेक्षित समाज को अपनी राजनीतिक क्षमता व ताकत को दिखाने की जरूरत है। शैक्षणिक, सामाजिक , आर्थिक के साथ राजनीतिक चिंतन की जरूरत है। राजनीति में जवाबदेही तय करने की जरूरत है। लव कुश महासभा के जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार ने कहा कहा कि मेहनती और ईमानदार लव कुश समाज का वर्तमान में अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। सभी को एकसूत्र में बंधने की जरूरत है। जिससे इस समाज की भागीदारी और साझेदारी रहेगी। प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो ने कहा आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना होगा। मंच संचालन गुलशन कुमार ने किया कार्यक्रम में धर्मराज महतो, राजेश महतो, शंकर कुमार, विक्की कुमार, संगीता देवी, रामकुमार बबलू, मनीष कुमार, सुनील मेहता, राजन मेहता, उपेंद्र कुमार कुशवाहा, संतोष महतो, दीपक महतो अतिथि के रूप में डॉ देवशरण भगत, सूरज अग्रवाल, रामलखन साहू समेत लवकुश समाज के शहरी और ग्रामीण इलाके के स्त्री पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## कुड़ू में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का दिव्य आयोजन 31 को

**लोहरदगा।** सरना धर्म गुरु चितरंजन उरांव के अगुवाई में पहली बार 31/8/2025 को ग्राम कुंदगड़ा (बड़की चांपी), कुड़ू लोहरदगा झारखंड में करम पूर्व संध्या सह मिलन समारोह का दिव्य आयोजन , आदिवासी सत्य प्रकृति सरना धर्म प्रार्थना सभा/धर्मेशीन सरना एड़पा के द्वारा किया जा रहा है । मुख्य अतिथि कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ से जयमिला उरांव की टीम आ रही है। यह आयोजन सुबह 8 बजे 12 बजे तक करम बाबा का शक्ति शाली पूजा होगा, बिगड़े कार्य को ठीक करने के लिए, फिर 12 बजे से शाम 6 बजे तक संस्कृतिक कार्यक्रम करम नाच-गान होगा।

## गरीब महिला का गिरा आशियाना रहने में हो रही है परेशानी



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। रुक रुक कर मूसलाधार बारिश से प्रखण्ड क्षेत्र की सड़कों पर जल जमाव हो गया है। जिसे प्रखंड़ क्षेत्र के लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। बारिश के चलते सभी जगह गड्ढों में जल जमाव हो गया है। वही प्रखंड क्षेत्र में अनेक लोगों का कच्चा खपरैल मकान भी बारिश के कारण गिर कर धराशायी हो गया। शनिवार रात्रि प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत गढ़गांव सरना टोली निवासी जगमोहन उरांव की पत्नी मानमैत उराइन का घर गिर गया. मानमैत उराइन का कहना है की दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण भरभरा कर दीवाल गिर गया। घर गिरने से किसी का हताहत होने की सूचना नही है। घर मे रखा दैनिक उपयोग का सामग्री नष्ट हो गया। जिसे काफी आर्थिक नुकसान हुआ। वही बारिश से घर गिरने और आर्थिक क्षति को लेकर लोग अंचल कार्यालय में सीओ को आवेदन देकर सरकार से मुआवजे की मांग कर रहें हैं।

## जय श्रीराम समिति का अहम निर्णय

# निर्वाचित पदाधिकारी करेंगे कार्यकाल पूरा, कोर कमेटी होगी समाप्त

नवीन मेल संवाददाता




**लोहरदगा।** खेमराज स्मृति भवन के प्रांगण में रविवार को जय श्रीराम समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के संरक्षक, कोर कमेटी के सदस्य, जिला, नगर, प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारी, विभिन्न धार्मिक संगठन और जिले के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में लंबे समय से चले आ रहे विवाद पर दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी बात रखी। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह बड़ा निर्णय लिया गया कि समिति के निर्वाचित जिला अध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल, महामंत्री प्रदीप साहू और कोषाध्यक्ष विक्की कसेरा को उनके पद से हटाने का कोर कमेटी का फैसला गलत था। सभी उपस्थित सदस्यों व सनातन समाज के अभिभावकों ने एक स्वर में कहा कि निर्वाचित पदाधिकारी अपना पूरा तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि समिति की कोर कमेटी को समाप्त कर उसकी जगह अब एक 21 सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश देगी और अध्यक्ष के नेतृत्व में सनातन समाज के हित में कार्य करेगी। बैठक में जिले के सभी प्रमुख धार्मिक संगठन जैसे – विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति, केंद्रीय महावीर मंडल और योगी सेना सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए। सभी ने संगठन की एकजुटता और मजबूती पर बल दिया। मौके पर लाल ओंकार नाथ शाहदेव, अजय पंकज, गुप्तेश्वर प्रसाद, राजीव रंजन, सूरज अग्रवाल, दया सिंह, जीवन महतो, मोहन दुबे, रोहित साहू, रितेश साहू, अशोक साहू, प्रेम प्रजापति, देवेंद्र कुमार मंडल, आनंद पांडे, विनोद राय, विनोद सोनी, राजेश महतो, परमेश्वर साहू, कपिल देव मिश्रा, अनूप गुप्ता, दीपक पासवान, प्रखंड और पंचायत स्तर के सैकड़ों सदस्य मौजूद रहे। बैठक के बाद उपस्थित लोगों ने इसे समिति की एकजुटता के लिए ऐतिहासिक निर्णय बताया। अब संगठन में किसी प्रकार का मतभेद न रहे, इस पर सभी ने सहमति जताई और आगामी दिनों में समिति को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

# जिला अधिवक्ता संघ ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** रविवार को जिला अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अनुमंडल कार्यालय में अस्थायी रूप से मजिस्ट्रेट की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की।

संघ ने बताया कि निबंधन कार्यालय में लगातार परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं। ऑनलाइन पंजीकरण व कंप्यूटर में गलत प्रविष्टियों के कारण आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मूल खतियान में एक नाम दर्ज होने के बावजूद कई मामलों में एक ही व्यक्ति के दो नाम दर्ज कर दिए जाते हैं, जिससे विवाद की स्थिति बनती है। संघ ने यह भी कहा कि शहरी क्षेत्र में कई वर्षों से लगान की रसीद नहीं कटने से न केवल लोगों को कठिनाई हो रही है बल्कि सरकार को आर्थिक क्षति भी पहुंच रही है। निबंधन के समय भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र की मांग की जाती है, जबकि न तो निबंधन एक्ट में और न ही सरकार द्वारा जारी किसी सर्कुलर में इसका प्रावधान है। इसके बावजूद अनावश्यक कागजात मांगे जा रहे हैं, जिससे अंचल और निबंधन कार्यालयों में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

इसके अलावा संघ ने कोर्ट फी टिकट और अधिवक्ता कल्याण टिकट

# भोक्ता नाला खतरे से ऊपर लोहरदगा- बेड़ो-रांची का संपर्क टूट



नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र की नदी और नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिसके कारण यातायात बाधित हो गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण विशाल पेड़ सड़क पर गिर गया है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नही है। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही ग्राम के स्माइल स्थित लोहरदगा बेड़ो राँची मुख्य पथ पर स्थित भोक्ता नाला है। लगातार दो दिन से हो रही बारिश के कारण नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। जिसे लोहरदगा बेड़ो राँची का सम्पर्क टूट गया है। विदित हो कि इससे पूर्व भी इसी नाले में पुल पार करने के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार अपने वाहन के साथ बह गया था। जिसे ग्रामीणों की सूझबूझ से नाला में बहते युवक को बचाया गया था। दो दिन से लगातार बारिश होने के कारण आज फिर से भोक्ता नाला खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। वही पर विशाल पेड़ गिर गया है। पेड़ गिरने से किसी का हताहत होने की सूचना नही है। जिसे जिससे यातायात पूर्णतः बाधित है।

# लोहरदगा में ट्रक ने खड़ी कार को मारी जोरदार टक्कर, कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के ब्लॉक मोड़ के पास वरदान हॉस्पिटल के सामने रविवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार घाघरा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक संख्या जेएच 03 एफ 3698 ने अस्पताल के सामने खड़ी कार संख्या जेएच 01 एफवाई 3542 को जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रक कुडू निवासी रब्बानी अंसारी की है । वहीं क्षतिग्रस्त कार वरदान हॉस्पिटल के संचालक संतोष राणा की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि ट्रक तेज रफ्तार से आ रही थी। जिसके कारण यह हादसा हुआ है। तेज रफ्तार होने के कारण ट्रक खड़ी कार से टकरा गया। इस दौरान मौके पर मौजूद कई लोग बाल-बाल बचे, वरना कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शी के रूप में उमन साहू, बिमल कुमार साहू, राम सागर साहू, अजित कुमार मेहता, रुपेश कुमार, दीपक गुप्ता, अनूप राणा, मुकेश कुमार साहू, दीपक मंडल, किशोर प्रजापति और आशीष कुमार उपस्थित थे। गौरतलब है कि सड़क सुरक्षा को लेकर समय-समय पर प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं की ओर से जागरूकता अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद लोग यातायात नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। तेज रफ्तार का कहर लगातार बढ़ रहा है और आए दिन हादसे हो रहे हैं।

## बेदाल गांव में कच्ची सड़क क्षतिग्रस्त



नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा ।** प्रखंड में भारी वर्षा के बाद ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। ग्रामीण क्षेत्र के कच्ची सड़कों की हालत खराब है। इससे मसमानो पंचायत अंतर्गत बेदाल गांव में कच्ची सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इससे बेदाल टाइन टोली का संपर्क गांव से टूट चुका है। इससे बस्ती से लोगों का आवागमन खेत की पगडंडियों से होकर करना पड़ रहा है। इसके अलावे भैसमुंदो गांव से एनएच 143 एजी से भैसमुंदो टंगरा टोली तक बना पीसीसी पथ तेज बारिश के कारण अंदर से मिट्टी पूरी तरह बह गया है। इससे सड़क पर फिलहाल बड़े वाहनों के आवागमन पर स्थानीय ग्रामीणों ने रोक लगा दी है। जिसकी सूचना मिलते ही मुखिया परमेश्वर महली व सामाजिक कार्यकर्ता बालकृष्णा सिंह ने मौके पर पहुंच श्रमदान कर मिट्टी की भराई करने की बात कही है। इसके लिए मुखिया ने पहले से बने गार्डवाल को ऊंचा करते हुए मिट्टी व बालू भरने के लिए आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया है। इसके अलावे भंडरा के आगन महतो, चिश्ती अंसारी का कच्चा मकान पूरी तरह से धराशाही हो गया है।

## वृद्धा पेंशन के लिए पंचायत स्तरीय शिविर आज व कल

**कैरो / लोहरदगा।** प्रखंड के कैरो पंचायत भवन में वृद्धा पेंशन योजना के लिए 25 /8/2025 दिन सोमवार और 26/8/2025 दिन मंगलवार को पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा।मुखिया वीरेंद्र महली व पंचायत सचिव पवन कुमार ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र वृद्धजनों को इस योजना का लाभ मिले।पेंशन योजना का लाभ जारी रखने के लिए सभी लाभुकों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) बनवाना अनिवार्य किया गया है। प्रशासन कि ओर से सभी लाभुकों से डीएलसी बनवाने की अपील की गई है ताकि भुगतान में कोई रुकावट न हो। जिन लाभुकों का नाम आधार सीडिंग लिस्ट में है, उन्हें आधार एवं मोबाइल नंबर जमा कराना जरूरी है,।अन्यथा अभी चल रहा पेंशन भविष्य में बंद हो सकता है।

# बड़की चापी में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



नवीन मेल संवाददाता

**कुडू।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के बड़की चापी दुर्गा मंदिर परिसर में दुर्गा पूजा समिति बड़की चापी के अध्यक्ष सह समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक किया गया। इस बैठक में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस मौके पर अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष पिछले वर्षों से और अच्छी तरह से दुर्गा पूजा मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी की रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति बड़की चापि के अध्यक्ष उदय कुमार गुप्ता,अमोद कुमार पाठक, लाल गौरीशंकर नाथ शाहदेव, भूपाल पाठक,लाल पंचम नाथ शाहदेव, ,मुकेश प्रजापति,धनेश लोहरा,ओमप्रकाश प्रजापति,बिट्टू सिंह, राहुल साहू,कैलू महतो,श्याम प्रजापति, विनय महतो, रौसन अग्रवाल, सुरेन्द्र प्रजापति,भरत वर्मा, आदित्य तिवारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हरतालिका तीज कल, पति की लंबी उम्र के लिए महिलाएं निर्जला रहकर करेंगी व्रत

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** हरतालिका तीज को हिंदू धर्म में सबसे कठिन व्रतों में से एक माना जाता है। मान्यता है कि यह व्रत अत्यंत शुभ फलदायी होता है। हरतालिका तीज को हरियाली और कजरी तीज के बाद मनाते हैं। हरतालिका तीज हर साल भाद्रपद शुक्ल तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इस साल हरतालिका तीज का व्रत 26 अगस्त को मनाया जाएगा। पंडित रामाधार पाठक ने कहा कि दिनभर निर्जला रहकर महिलाएं शाम में बालू से बने शिव-पार्वती की पूजा करते हैं। तीज की कथा के अनुसार हरितालिका व्रत से सौभाग्यवती स्त्री जहां दीर्घायु पति पाती हैं वहीं कुमारी व्रत करें तो मनचाहा वर प्राप्त कर सकती हैं। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र और सौभाग्य की कामना के लिए व्रत रखती हैं। ब्रह्म मुहूर्त में पुनः शिव-पार्वती के मृदा से निर्मित विग्रहों का पूजन अर्चन कर विसर्जन सरोवर नदी में किया जाता है। माताएं रात्रिकाल में जागरण करती हैं। सामूहिक भजन कीर्तन के साथ शिव-गौरी की भक्तिवंदना करती हैं. हरतालिका तीज का व्रत बड़ा ही कठिन नियमों वाला है। ज्यादातर स्त्रियां इस व्रत को निर्जला ही रखती हैं। सुहागिनें कठोर तप और पूजन से भगवान शिव को प्रसन्न करके अमर सुहाग का वरदान मांगती हैं। हरतालिका तीज पर की गई पूजा उपासना से आपकी हर मनोकामना पूरी हो सकती है। सभी चार तीजों में हरतालिका तीज का विशेष महत्व है। हरतालिका दो शब्दों से मिलकर बना है- हरत और आलिका. हरत का मतलब है 'अपहरण' और आलिका यानी 'सहेली'. प्राचीन मान्यता के अनुसार मां पार्वती की सहेली उन्हें घने जंगल में ले जाकर छिपा देती हैं ताकि उनके पिता भगवान विष्णू से उनका विवाह न करा पाएं. सुहागिन महिलाओं की हरतालिका तीज में गहरी आस्था है। महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं. मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं. वहीं कुंवारी लड़कियों को मनचाहे वर की प्राप्त होती है।

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने दो अहम मामलों का किया निष्पादन

# आपसी सुलह से खत्म हुए जमीन बंटवारे व पारिवारिक विवाद

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी ने रविवार को दो महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई कर आपसी सुलह के आधार पर उनका निष्पादन कराया। कमिटी की इस पहल से समाज में सौहार्द और भाईचारे का संदेश गया। पहला मामला कुरैशी मुहल्ला के जाबिर कुरैशी बनाम शमीम कुरैशी के बीच जमीन बंटवारे से जुड़ा था। अदलिया कमिटी ने सुलहनामा तैयार कर दोनों पक्षों को आपसी सहमति से विवाद खत्म करने पर राज़ी कराया। दूसरा मामला आनंदपुर निवासी युसूफ अंसारी और उनकी पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद का था, जिसे समझौते के जरिए समाप्त कराया गया। मौके पर नायब सदर सैयद आरिफ हुसैन बब्लू ने कहा कि अदलिया कमिटी हमेशा समाज में शांति और भाईचारा कायम रखने के लिए काम करती रहेगी।

## पेट्रोल पंप संचालिका के साथ मारपीट व 15 लाख की लूट

**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर थाना क्षेत्र में 17 अगस्त रविवार को एक बड़ी आपराधिक वारदात सामने आई है। गणपति बप्पा पेट्रोलियम की संचालिका प्रिया गुप्ता ने आरोप लगाया है कि संदीप चीक बड़ाईक और उसके साथी अमित तिर्की सहित अन्य लोगों ने पेट्रोल पंप पर धावा बोलकर लूटपाट और मारपीट की। प्रिया गुप्ता के लिखित आवेदन के अनुसार, आरोपियों ने पहले उनसे गाली-गलौज की और धमकी दी कि यदि पेट्रोल पंप बंद नहीं किया गया तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। विरोध करने पर संचालिका को धक्का देकर गिरा दिया गया और उनके साथ मारपीट कर कपड़े फाड़े गए। घटना के दौरान वह अचेत हो गईं। इसी बीच आरोपियों ने कैश काउंटर से करीब 15 लाख रुपये नकद लूट लिए और फरार हो गए।
संचालिका ने आरोप लगाया कि यह हमला पूरी तरह योजनाबद्ध था और उनकी जान को गंभीर खतरा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।
सूचना पर पुलिस हरकत में आई और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश के कहर से किसान परेशान

# लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश से लोहंजारा के कई किसानों के घर ढहे



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से सिसई प्रखंड अंतर्गत लरंगो पंचायत के लोहंजारा गांव निवासी मुर्तुजा अंसारी, अबूतालिब अंसारी,रोपना साहू,तबारक अंसारी,अबुल अंसारी, हफ़ीजुल अंसारी का घर पूर्ण रूप से ढह गया है
वहीं एनामुल अंसारी का घर क्षतिग्रस्त हो गया। घर गिर जाने से इन गरीब किसान भुक्तभोगियों के समक्ष रात गुजारने की विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। क्षेत्र में बारिश थमने का नाम नहीं ले रहा है। भूक्तभोगी परिवार अपने सगे संबंधियों के घरो में शरण लेकर रात गुजारने को विवश हैं। लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन गरीब के पास इतना पैसा भी नहीं है कि ये फिर से अपना आशियाना बना सके।बारिश से घर ढहने के बाद भुक्तभोगियों की मुश्किलें बढ़ गई है। लोगों को कुछ समझ नही आ रहा है कि अब क्या करें। सभी पीड़ित किसानों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है ताकि फिर से अपना आशियाना को बना सके।

### 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश से मंदिर के ऊपर गिरा घर

**सिसई (गुमला)।** प्रखण्ड क्षेत्र के भदौली महुआटोली में हनुमान मंदिर से सटे मिट्टी का घर शनिवार सुबह गिर गया जिसके कारण मंदिर का दीवार गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए कहा कि शनिवार सुबह तेज आवाज सुनाई दिया आवाज सुनकर बाहर निकले तो देखा कि मिट्टी का घर भरभरा कर गिर गया है और मंदिर का एक हिस्से का दीवार गिरकर क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं मंदिर के गेट को भी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त मंदिर की दीवार को पुनः निर्माण कराने की मांग की है साथ ही मंदिर के पास खराब पड़े सोलर चालित जलमीनार को ठीक कराने की मांग की है ताकि ग्रामीणों को बरसात के मौसम में स्वच्छ पानी मिल सके। मौके पर किशोर सिंह, नीलू देवी, सरिता देवी सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### बारिश के कारण मिट्टी का घर ढहा

**भरनो (गुमला)।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने ग्रामीण इलाकों में तबाही मचा दी है। खेतों से लेकर कच्चे घर तक प्रभावित हो रहे हैं। इसी कड़ी में रविवार की अहले सुबह लगभग 3 बजे करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सुपा टू गांव निवासी किसान रमेश राम का मिट्टी का घर भरभराकर गिर गया। दुर्घटना के वक्त घर के अंदर बंधी 4 खस्सी और 2 बकरी मिट्टी के मलबे में दब गईं। ग्रामीणों की मदद से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बकरियों को निकाला गया, लेकिन तब तक सभी 6 की मौत हो चुकी थी। पीड़ित किसान ने बताया कि इस हादसे से उसे लगभग 70 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने अंचल प्रशासन और पशुपालन विभाग से मुआवजे की मांग करते हुए मदद की गुहार लगाई है। लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र में और भी कई कच्चे मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

## न्यूज बॉक्स

### विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन,जरूरतमंदों को मिला लाभ



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय प्रांगण में रविवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार (नलसा) के तत्वावधान और जिला प्रशासन गुमला के संयुक्त प्रयास से विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह, प्रमुख पारस नाथ उरांव, डालसा के अधिवक्ता विंदेश्वर प्रसाद साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं अंचल अधिकारी अविनाश कुजर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर जिला सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि "जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आमजन अपनी कानूनी लड़ाई निशुल्क लड़ सकते हैं। निःशुल्क वकील उपलब्ध होंगे और जिला से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक कानूनी सहायता दी जाएगी।" उन्होंने लोगों से सामाजिक कुरीतियों से बचने और कानून की जानकारी अपनाने की अपील की। वहीं अधिवक्ता विंदेश्वर प्रसाद साहू ने भी डालसा द्वारा दी जाने वाली सभी प्रकार की विधिक सहायता की जानकारी विस्तार से दी। प्रमुख पारस नाथ उरांव और बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने अपने-अपने विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों से साझा की। शिविर में विभिन्न लाभकारी योजनाओं के अंतर्गत जरूरतमंदों के बीच सामग्री का वितरण भी किया गया। उतरी भरनो आजीविका संकुल संगठन की महिला समूह को जेएसएलपीएस द्वारा 33 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया।

### 64 टीमों की कड़ी टक्कर के बाद मुन्ना फुटबॉल क्लब डुम्बरपाठ बना विजेता




**बिशुनपुर (गुमला)।** गुरदरी बॉक्साइट माइंस सीएसआर के तत्वावधान में संत बिन्नी स्कूल, डुम्बरपाठ के खेल मैदान में आयोजित आदित्य ग्रामीण मैत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य समापन आज हुआ। लगभग एक माह तक चले इस प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला मुन्ना फुटबॉल क्लब डुम्बरपाठ और मसीह फुटबॉल क्लब पखरिगाढ़ा के बीच खेला गया। पीली जर्सी में उतरी मुन्ना क्लब की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माइंस मैनेजर विद्यासागर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डुम्बरपाठ चर्च के पादरी उपस्थित रहे। गुरदरी माइंस सीएसआर की ओर से दोनों टीमों को संपूर्ण जर्सी और फुटबॉल बूट उपलब्ध कराए गए थे। मैच के बाद खिलाड़ियों को पदक और पुरस्कार भी वितरित किए गए। यह प्रतियोगिता ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के साथ-साथ सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का उत्कृष्ट उदाहरण बनी। इस मौके पर गुरदरी बॉक्साइट माइंस की पूरी टीम मौजूद रही, जिनमें रणबीर सिंह (वीटी मैनेजर), राकेश तिवारी (सीएसआर), एरनुयुस बेक, सिरिल एक्का समेत अन्य सदस्य और क्षेत्र के सैकड़ों खेलप्रेमी शामिल हुए।

### भरनो प्रखंड में जंगली हाथी का आतंक

# तीन घरों को तोड़ा, फसलों को किया बर्बाद



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार बढ़ता जा रहा है। बीती रात हाथी ने समसेरा, बोडोटोली और दतिया गांव में कहर बरपाते हुए कई घरों और खेतों को क्षतिग्रस्त कर दिया। उत्तरी भरनो पंचायत के समसेरा गांव निवासी विनय कुमार साहू के मिट्टी के घर को हाथी ने चारों तरफ से तोड़ डाला। घर के अंदर रखा धान पूरी तरह चट कर गया, वहीं बक्सा, बर्तन और अन्य सामान भी बर्बाद हो गए। इसके बाद हाथी ने बोडोटोली गांव निवासी भतू उरांव के घर पर हमला किया। घर को तोड़ने के साथ ही अंदर रखी साइकिल और घरेलू सामान को नुकसान पहुंचाया तथा दो बोरा धान भी खा गया। इसी क्रम में हाथी ने दतिया गांव निवासी रामवृक्ष सिंह की दुकान का शटर तोड़ डाला और अंदर रखा सामान तहस-नहस कर दिया। इसके अलावा खेतों में लगी धान की फसल को भी रौंद डाला, जिससे किसानों को भारी क्षति पहुंची है। लगातार हो रहे हाथी के हमलों से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोग अब रातभर जागकर गांव की रखवाली करने को मजबूर हैं।
घटना की जानकारी मिलते ही उत्तरी भरनो पंचायत के मुखिया पति कपिल गोप, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही तथा कई ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों को वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं, अमलिया वन समिति के पूर्व अध्यक्ष जगजीवन सिंह और समसेरा वन समिति अध्यक्ष बंधनू भगत भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवारों को मुआवजे की प्रक्रिया की जानकारी दी और तत्काल राहत स्वरूप टॉर्च और पटाखे उपलब्ध कराए। ग्रामीणों ने वन विभाग से शीघ्र कार्रवाई करने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## यूरिया व खाद की कालाबाजारी की सूचना पर लगातार की जा रही छापामारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई(गुमला)।** जिला एवं प्रखंड प्रशासन द्वारा यूरिया की कालाबाजारी और बिना लाइसेंस धारी खाद-बीज दुकानों पर सख्त रुख अपनाते हुए शनिवार को भी प्रखंड क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान थाना रोड स्थित उत्तम कृषि भंडार के दो गोदामों में यूरिया होने की गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पदाधिकारी गुमला राजीव नीरज व जिला कृषि पदाधिकारी के नेतृत्व में दोनों गोदामों में छापेमारी की गई। छापेमारी में दोनों गोदामों में यूरिया नही मिली। वहीं बिना लाइसेंस खाद बीज की बिक्री करने वाले बसिया रोड़ स्थित कृषि जागरण केन्द्र को सील कर दिया गया है। छापेमारी अभियान के दौरान एसडीओ ने स्थानीय खाद बीज दुकानदारों को कालाबाजारी बंद करने और बिना लाइसेंस खाद बीज की बिक्री नहीं करने की सख्त चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से इस तरह की कालाबाजारी और गोरखधंधे में शामिल लोगों की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में यूरिया की कालाबाजारी से स्थानीय किसानों को ऊंची कीमत पर यूरिया मिलने और क्षेत्र के दुकानों में यूरिया की किल्लत की खबरों के बाद प्रशासन हरकत में आई और लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। इस मौके पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ अशोक बड़ाईक, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह,प्रखंड कृषि पदाधिकारी दिलीप मिश्रा,एटीएम,बीटीएम, सहित पुलिस व प्रखंड पदाधिकारी मौजूद थे।

### शहीद नमन कुजूर पुस्तकालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला प्रशासन, गुमला के संयुक्त तत्वाधान में शहीद नमन कुजूर पुस्तकालय में एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी सेवाओं, विशेष रूप से मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक करना था।कार्यक्रम में डीएलएसए से एलएडीसी बिंदेश्वर गोप और विद्या निधि शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा और कटिंग मुखिया मधुरा मिंज सहित कई गणमान्य व्यक्ति और अधिकारी मौजूद थे।कार्यक्रम की शुरुआत जेएसएलपीएस की दीदियों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करके की।

## दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति पर रक्तदान शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्य स्मृति दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं रक्तदान शिविर का आयोजन शिव दर्शन भवन, गुमला के सभागार में किया गया। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े भाई-बहनों, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने दादी जी के महान योगदान को याद करते हुए उनके बताए आध्यात्मिक जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया। राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी का यह पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी उपलक्ष्य में भारत और नेपाल में एक विशाल रक्तदान महाअभियान चलाया गया, जिसमें एक लाख यूनिट रक्त संचित करने का लक्ष्य रखा गया। इसके अंतर्गत गुमला में भी 24 अगस्त को ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों सहित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर इस अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लेफ्टिनेंट कर्नल (कैंप कमांडेंट गुमला) पी. बी. शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि दादी प्रकाशमणि जी का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उनके मार्गदर्शन से समाज में आध्यात्मिक जागरण और भाईचारे की भावना को गहराई मिली है। इस अवसर पर गुमला थाना अधीक्षक महेंद्र कर्माली, सदर अस्पताल रक्तकोष प्रभारी चिकित्सक डॉ. सुनील राम तथा प्रयोगशाला तकनीशियन मारवाड़ी वामन की विशेष उपस्थिति रही।

### बुकमा गांव में जंगली हाथी का कहर घर और फसल बर्बाद

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के बुकमा गांव में जंगली हाथियों के आतंक से ग्रामीण भय के साए में जीने को मजबूर हैं। हाल ही में, एक जंगली हाथी ने गांव में घुसकर एक घर और एक एकड़ धान की फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीण लगातार बिजली की समस्या और वन विभाग से मदद न मिलने के कारण परेशान हैं।यह घटना शनिवार रात करीब 11:30 बजे की है, जब एक हाथी अचानक जाड़ी की ओर से गांव में घुस आया। हाथी ने बुकमा निवासी फागी देवी पति दशरथ भगत के घर को निशाना बनाया। उसने घर को चारों ओर से घूम-घूमकर तोड़ दिया और घर के अंदर रखा सारा सामान नष्ट कर दिया। घर में रखा धान, चावल और अन्य जरूरी सामान भी पूरी तरह से बर्बाद हो गया।फागी देवी और उनके पति खेतिहर मजदूर हैं और अपनी आजीविका चलाने के लिए खेती पर ही निर्भर हैं। इस घटना के बाद, उनके पास खाने के लिए एक दाना भी नहीं बचा है और वे फिलहाल दूसरे के घर में रहने को मजबूर हैं।

### "एक पेड़ मां के नाम 2.0" अभियान शुरू

# एक सप्ताह में 50 हजार पौधरोपण का लक्ष्य

- विद्यालयों से जुड़े छात्र-शिक्षक देंगे हरित गुमला का संदेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों में "एक पेड़ माँ के नाम 2.0" अंतर्गत विशेष पौधारोपण अभियान 25 से 30 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्तर से प्रकृति संरक्षण और पर्यावरणीय जागरूकता को बढ़ावा देना है। इसके तहत एक सप्ताह में 50 हजार पौधारोपण किए जाने हैं, जबकि जिले के लिए निर्धारित 1 लाख 60 हजार पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा करने की तैयारी की जा रही है। 25 और 26 अगस्त को सभी प्रखंड पौधशालाओं से पौधों का उठाव कर विद्यालयों में वितरण करेंगे। इसके बाद 25 से 30 अगस्त तक सभी विद्यालयों में उत्सव के रूप में पौधारोपण होगा। विद्यालय परिसर, विद्यालय मार्ग, सार्वजनिक स्थल तथा बच्चों के घरों में भी पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही विद्यालय द्वारा बच्चों को ईको क्लब वेबसाइट से ई-प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराए जाएंगे। नोडल पदाधिकारी बीपीओ दिलदार सिंह ने बताया कि "एक पेड़ माँ के नाम" गतिविधि के तहत गुमला ने झारखंड में सबसे पहले 50 प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। वर्तमान में वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला के सहयोग से गुमला, घाघरा, सिसई और चैनपुर स्थित स्थायी पौधशालाओं से निःशुल्क पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बजिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां ने कहा कि यह अभियान बच्चों को यह सीख देगा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देते, बल्कि जीवन और संस्कृति की निरंतरता का आधार हैं। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने कहा कि हर लगाया गया पौधा मातृभूमि और प्रकृति माता के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए धरोहर है।
उपायुक्त गुमला ने अपने संदेश में कहा कि झारखंड की पहचान उसकी हरियाली, जंगल, नदियों और पहाड़ों से है। यहां की आदिवासी संस्कृति सदैव प्रकृति पूजक रही है। यह अभियान हरित विद्यालय, हरित गुमला की दिशा में एक सामूहिक प्रयास है, जिससे जल, जंगल और जमीन की परंपरा को संरक्षित करने का संदेश मिलेगा। इस पौधारोपण अभियान में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक, अभिभावक, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग भी शामिल होंगे। लक्ष्य है कि गुमला जिला आने वाले दिनों में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का आदर्श उदाहरण बन सके।

### जिला स्तरीय प्रोसेस लैब का सफल समापन, 70 मास्टर ट्रेनर हुए प्रशिक्षित



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रोसेस लैब का रविवार को सफल समापन हुआ। यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 अगस्त से 24 अगस्त 2025 तक चला। इस दौरान जिले के सभी प्रखंडों से लगभग 70 प्रखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में अभियान की बारीकियों, इसके उद्देश्य तथा जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की विधियों की विस्तृत जानकारी जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा दी गई। समापन समारोह में जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करना है। उन्होंने प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों से अपील की कि वे अर्जित ज्ञान का उपयोग कर अभियान को ग्राम स्तर तक सफल बनाएं।

### सड़क हादसा में ऑटो ने मोटरसाइकिल को मारी टक्कर, मोटरसाइकिल सवार घायल



**बिशुनपुर (गुमला)।** बिशुनपुर प्रखंड के लापु के पास शनिवार देर रात एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार, बिशुनपुर की ओर से चप्पल लादकर आ रही एक ऑटो ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि ऑटो अनियंत्रित होकर पास के खेत में पलट गया। घायल की पहचान रूपेश नागेसिया, 45 वर्षीय, निवासी सरना पाकर पाठ, जिला लोहरदगा के रूप में हुई है। वह बिशुनपुर प्रखंड के बैठत गांव में अपने रिश्तेदार के घर आया हुआ था और घर लौटते समय हादसे का शिकार हुआ। ग्रामीणों ने तुरंत ऑटो को सीधा किया और घायल को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को बिशुनपुर सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मोटरसाइकिल चालक नशे में धुत था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल घायल की स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### 28 अगस्त को गुमला आएंगे कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू

# सिसई व भरनो प्रखंड में पदाधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ करेंगे बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू का पांच दिवसीय झारखंड दौरा 26 अगस्त से 31 अगस्त तक प्रस्तावित है। इसी क्रम में उनका 28 अगस्त को गुमला आगमन तय हुआ है। इस दौरान वे सिसई और भरनो प्रखंड में पार्टी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों, अग्रणी मोर्चा संगठन के जिला अध्यक्षों, प्रखंड अध्यक्षों तथा पंचायत स्तरीय कार्यकारिणी सदस्यों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव ने बताया कि पदाधिकारियों के साथ पहला संवाद कार्यक्रम सुबह 10 बजे सिसई क्षेत्र में होगा, जो दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इसके बाद 1:30 से 2:30 बजे तक उत्तरी भरनो और 2:30 से 4 बजे तक तुरियाम्बा में पंचायत समिति के प्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकारिणी सदस्यों से संवाद होगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश प्रभारी के आगमन को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनका आगमन सड़क मार्ग से होगा। जिले के कार्यकर्ताओं और आम लोगों में उनके स्वागत को लेकर खासा उत्साह है।

### राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुई जोहार रागी टीम

**गुमला।** ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही जोहार रागी टीम ने राजधानी नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में अपनी सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। "दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लाखपति दीदी को विपणन सहयोग उपलब्ध कराने की रणनीति" विषय पर यह कार्यशाला राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर), दिल्ली शाखा द्वारा इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोदी रोड, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस कार्यशाला में नीति-निर्माताओं, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और देशभर के स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य उद्देश्य था – लाखपति दीदियों को बड़े बाजार से जोड़कर उन्हें दीर्घकालिक रूप से लाभकारी उद्यमी के रूप में स्थापित करना। बाज़ार से जुड़ाव - ग्रामीण उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए परिषदों, संघों और निजी क्षेत्र के साथ सहयोग। गुणवत्ता व प्रमाणन - घरेलू और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखना और प्रमाणन मानकों का पालन। व्यवसायिक योजना - मजबूत कारोबारी योजना तैयार करना, चार पी (उत्पाद, मूल्य, प्रचार और स्थान) पर ध्यान केंद्रित करना तथा उत्पादों की अनूठी कहानियों को बाजार में प्रस्तुत करना। नियम और प्रक्रिया की तैयारी : ई-कॉमर्स और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए जरूरी प्रक्रिया और नियामक अनुपालन सुनिश्चित करना।

